वार्षिक रिपोर्ट • Annual Report

2014 - 2015

प्रधानमंत्री जन-धन योजना
मेरा खाता भाग्य विधाता

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

भविष्य निर्माण के लिए सुविधाएं विकसित करना

Developing Opportunities for Shaping the Future



देना बैंक
DENA BANK

(भारत सरकार का उद्यम)

विश्वस्त पारिवारिक बैंक

निदेशक मण्डल
BOARD OF DIRECTORS



श्री अश्वनी कुमार
Shri Ashwani Kumar



श्रीमती तृष्णा गुहा
Smt. Trishna Guha



श्री आर.के. टक्कर
Shri R.K. Takkar



सुश्री ऐना रॉय
Ms. Anna Roy



श्री वी. वसंथन
Shri V. Vasanthan



श्री बंकिम आर. देसाई
Shri Bankim R. Desai



श्री मोहन लाल गुप्ता
Shri Mohan Lal Gupta



श्री ए. सुब्रमण्य
Shri A. Subramanya



डॉ. उमेश बेल्लुर
Dr. Umesh Bellur



श्री वी. चंद्रसेकरन
Shri V. Chandrasekaran



डॉ. यशोवर्धन वर्मा
Dr. Yasho Verdhan Verma

वर्ष 2014–15 के दौरान निम्नलिखित निदेशक भी बैंक के निदेशक मण्डल में शामिल थे. During the year 2014-15 the following Directors also served on the Board of the Bank
श्री रजत सचर Shri Rajat Sachar (15.04.2014 तक); श्री एस.पी. शर्मा Shri S.P. Sharma (30.06.2014 तक); श्री जे. बालसुब्रमनियन Shri J. Balasubramanian (29.06.2014 तक); श्री विजय कपूर Shri Vijay Kapoor (01.08.2014 तक); श्री राकेश गोयल Shri Rakesh Goel (11.10.2014 तक); श्री रोहित देसाई Shri Rohit Desai (16.03.2015 तक); श्री मुकेश मोहन Shri Mukesh Mohan (16.03.2015 तक); डॉ. पी.एस. पसरीचा Dr. P.S. Pasricha (16.03.2015 तक)

31 मार्च, 2015 की स्थिति के अनुसार

शीर्ष प्रबंधन वर्ग
TOP MANAGEMENT TEAM



श्री एम.के. शर्मा
Shri M.K. Sharma



श्री बी.एम. नंद
Shri B.M. Nanda



श्री निर्मल जोशी
Shri Nirmal Joshi



श्री एम.के. भाटिया
Shri M.K. Bhatia



श्री एस.के. शर्मा
Shri S.K. Sharma



श्री एस. सरकार
Shri S. Sarkar



श्री के.सी. छीपा
Shri K.C. Chhipa



श्री डी.के. दुआ
Shri D.K. Dua



श्री एस.के. वाधवा
Shri S.K. Wadhwa



श्री जी.सी. गर्ग
Shri G.C. Garg



श्री राजीव अग्रवाल
Shri Rajiv Aggarwal



श्री सी.एस. मीणा
Shri C.S. Meena



श्री आर.एन. दास
Shri R.N. Das



श्री सेल्वराज के.
Shri Selvaraj K.

वर्ष 2014–15 के दौरान निम्नलिखित
महाप्रबंधक भी बैंक की सेवा मे थे.

During the year 2014-15 the following General Manager also served with the Bank

श्री आर.एस. बोरा
Shri R.S. Bora
(31.10.2014 तक)

श्री टी.के. पाल
Shri T.K. Pal
(31.12.2014 तक)

31 मार्च, 2015 की स्थिति के अनुसार

विषय सूची CONTENTS

	पृष्ठ सं.		Page No.
वर्षवार तुलनात्मक कार्य-निष्पादन	2	Year wise comparative perfomance	2
सूचना	4	Notice	108
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का वक्तव्य	6	Chairman & Managing Director's Statement	110
निदेशकों की रिपोर्ट	8	Director's Report	112
प्रबंधन विचार विमर्श एवं विश्लेषण	11	Management Discussion and Analysis	115
कार्पोरेट अभिशासन रिपोर्ट	22	Corporate Governance Report	126
निदेशकों के विवरण	32	Director's Profile	136
बेसल III प्रकटीकरण	38	Basel III Disclosures	142
लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट	70	Report of the Auditors	173
तुलन पत्र	71	Balance Sheet	174
लाभ एवं हानि लेखा	72	Profit & Loss Account	175
नकदी प्रवाह विवरण	101	Cash Flow Statement	201
मुख्तारी (प्रॉक्सी) फार्म	104	Proxy Form	204
उपस्थिति-सह-प्रवेश पत्र	105	Attendance Slip- cum- Entry Pass	205
ई.सी.एस. अधिदेश फार्म	106	ECS Mandate Form	206

सांविधिक लेखापरीक्षक Statutory Auditors

मै. एस. सी. अजमेरा एण्ड कं., उदयपुर	मै. आनंद एण्ड पोन्नप्पन, चेन्नई	मै. ए. पी. ए. एस. एण्ड कं., रायपुर	मै. जैन एण्ड जैन, मुंबई
M/s S C Ajmera & Co., Udaipur	M/s Anand & Ponnappan, Chennai	M/s A P A S & Co., Raipur	M/s Jain & Jain, Mumbai

अनुपालन अधिकारी
श्री आर. जोति कलिंगरायन

Compliance Office
Shri R Jothi Kalingaraayan

कंपनी सचिव
श्री अमित कुमार

Company Secretary
Shri Amit Kumar

निवेशक संपर्क केंद्र :देना कॉर्पोरेट सेंटर, सी-10, 3 रा तल, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई - 400 051

Investor Relations Centre : Dena Corporate Centre, 3rd Floor, C-10, G, Block, Bandra Kurla Complex, Bandra (East), Mumbai 400 051.

टेलीफोन Tel : 022-2654 5318-20, टेली-फैक्स Tel-Fax : 022-2654 5317, ईमेल E-mail: irc@denabank.co.in

रजिस्ट्रार एवं शेयर अंतरण एजेंट : मे. शेयरप्रो सर्विसेज (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड यूनिट: देना बैंक सम्हिता कॉम्प्लेक्स, दुकान सं. 52 से 56, बिल्डिंग स 13-ए-बी, टेलीफोन एक्सचेंज के पास, अंधेरी कुर्ला रोड, साकीनाका, मुंबई 400 072

Registrars and Share Transfer Agents : M/s Sharepro Services (India) Private Limited Unit : Dena Bank Samhita Complex, Gala No. 52 to 56, Bldg. No. 13 A-B, Near Sakinaka Telephone Exchange, Andheri-Kurla Road, Sakinaka, Mumbai 400 072

टेलीफोन Tel : 67720300 / 400/353/385, टेली-फैक्स Tel-Fax : 2837 5646, ईमेल E-mail: sharepro@shareproservices.com

YEAR WISE COMPARATIVE PERFORMANCE

(Amount in ₹ crore)

कार्य - निष्पादन मानदंड	Performance Parameters	2010-11	2011-12	2012-13	2013-14	2014-15
कारोबार माध्यम एवं संसाधन	**Delivery Channels & Resources**					
शाखाओं की संख्या	No. of Branches (with CBS)	1,291	1,342	1,464	1,633	1,739
एटीएम की संख्या	No. of ATMs	496	543	620	1,421	1,482
कर्मचारियों की संख्या	No. of Employees	9,953	10,202	11,093	12,983	13,632
पूंजी	**Capital**					
पूंजी	Capital	333.39	350.06	350.06	537.82	561.15
आरक्षितियां(पुनर्मूल्यांकन आरक्षितियों को छोडकर	Reserves (Excluding Revaluation Reserves)	3,126	3,941	4,559	5,793	6,114
पूंजी पर्याप्तता अनुपात (%)	Capital Adequacy Ratio (%)					
बेसल - II के अनुसार	As Per Basel II	13.41	11.51	11.03	11.87	11.21
बेसल - III के अनुसार	As Per Basel III	-	-	10.47	11.14	10.93
कारोबार मानदंड	**Business Parameters**					
कारोबार संमिश्र	Business Mix	109,373	134,326	163,664	188,650	196,565
% वृद्धि	Increase in %	25.62	22.81	21.84	15.27	4.20
कुल जमाराशियां	Total Deposit	64,210	77,167	97,207	110,028	115,936
% वृद्धि	Increase in %	25.06	20.18	25.97	13.19	5.37
कुल अग्रिम (सकल)	Total Advances (Gross)	45,163	57,159	66,457	78,622	80,629
% वृद्धि	Increase in %	26.43	26.56	16.27	18.31	2.55
प्राथमिकता क्षेत्र को अग्रिम	Advances to Priority Sector	15,150	15,501	18,868	26,173	28,454
% के रुप में प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिम	Priority Sector Advances in % terms	42.41	38.54	33.18	38.44	35.03
कृषि	Agriculture	4,096	5,544	6,719	10,800	12,312
% वृद्धि	Increase in %	-15.12	35.35	21.19	60.73	14.00
रिटेल	Retail	6,136	7,283	7,724	9,706	10,910
% वृद्धि	Increase in %	14.05	18.69	6.07	25.67	12.41
सूक्षम, लघु एवं मध्यम उद्यम(एमएसएमई)	Micro, Small and Medium Enterprises (MSME)	6,784	8,291	10,673	13,217	15,256
% वृद्धि	Increase in %	20.13	22.22	28.73	23.84	15.42
वित्तीय स्थिति	**Financials :**					
परिचालनगत लाभ	Operating Profit	1,223.79	1,528.43	1,738.86	1,774.03	1,330.27
निवल लाभ	Net Profit	611.63	803.14	810.38	551.66	265.48
ब्याज से आय	Interest Income	5,034	6,794	8,899	9,978	10,763
ब्याज व्यय	Interest Expenses	3,270	4,693	6,516	7,473	8,316
गैर ब्याज आय	Non Interest Income	534	582	655	917	721
कुल आय	Total Income	5,567	7,376	9,555	10,895	11,485
कुल व्यय	Total Expenses	4,344	5,848	7,816	9,121	10,155
निवल ब्याज मार्जिन	Net Interest Margin (%)	3.17	3.17	2.80	2.52	2.25
जमाराशि लागत (%)	Cost of Deposit (%)	5.76	7.06	7.70	7.60	7.66

YEAR WISE COMPARATIVE PERFORMANCE

(Amount in ₹ crore)

कार्य - निष्पादन मानदंड	Performance Parameters	2010-11	2011-12	2012-13	2013-14	2014-15
निधि लागत	Cost of Fund (%)	5.87	7.11	7.70	7.62	7.71
अग्रिमों पर आय	Yield on Advances (%)	10.24	11.77	11.76	11.29	10.89
निधियों पर आय	Yield on Funds (%)	8.62	9.78	10	9.6	9.42
आस्तियों पर प्रतिफल	Return on Assets	1.00	1.08	0.86	0.51	0.22
लाभांश (₹)	Dividend (₹)	2.20	3.00	4.70	2.20	0.90
ईक्विटी पर प्रतिफल (%)	Return on Equity (%)	22.90	20.72	17.62	9.82	4.08
प्रति शेयर अर्जन (₹)	Earning per share (₹)	21.26	24.08	23.15	14.4	4.94
आस्ति गुणवत्ता अनुपात	**Asset Quality Ratios :**					
सकल एन.पी.ए	Gross NPA	842	957	1,452	2,616	4,393
सकल अग्रिमों की तुलना में सकल गैर निष्पादक आस्तियों का अनुपात (%)	Gross NPA to Gross Advances Ratio (%)	1.86	1.67	2.19	3.33	5.45
निवल एन.पी.ए	Net NPA	549	572	917	1,819	3,014
निवल अग्रिमों की तुलना में निवल गैर निष्पादक आस्तियों का अनुपात	Net NPA to Net Advances Ratio (%)	1.22	1.01	1.39	2.35	3.82
एन.पी.ए प्रावधान कवरेज (%)	NPA Provision Coverage (%)	74.62	75.53	69.58	56.44	52.97
उत्पादकता अनुपात	**Productivity Ratios :**					
प्रति कर्मचारी कारोबार	Per Employees Business	10.99	13.17	14.75	14.53	14.42
प्रति शाखा कारोबार	Per Branch Business	91.60	107.81	119.03	121.40	118.13

देना बैंक DENA BANK

प्रधान कार्यालय देना कार्पोरेट सेंटर, सी-10जी ब्लॉक, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई-400 051.

सूचना

एतदद्वारा सूचना दी जाती है कि देना बैंक के शेयर धारकों की उन्नीसवीं वार्षिक सामान्य सभा शनिवार, 27 जून, 2015 को प्रात: 11.00 बजे सभागृह, सर सोराबजी पोचखानावाला बैंकर्स प्रशिक्षण महाविद्यालय, जे.वी.पी.डी. स्कीम, कूपर हास्पिटल के पास, जुहू विले पार्ले (पश्चिम) मुंबई - 400 056में निम्नांकित कार्यों को संपादित करने हेतु आयोजित होगी.

1."31मार्च2015 के तुलन पत्र और उसी तारीख को समाप्त वर्ष के लाभ एवं हानि लेखों, बैंक के कामकाज एवं गतिविधियों पर निदेशक मण्डल की रिपोर्ट तथा तुलन पत्र और लेखा पर लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट पर विचार-विमर्श, अनुमोदन एवं अंगीकार करना."

2."वित्तीय वर्ष2014-15 के लिए ईक्विटी शेयरों पर लाभांश घोषित करना."

निदेशक मण्डल के आदेशानुसार
कृते देना बैंक

अमित

स्थान : मुंबई
दिनांक : 30 मई, 2015

(अमित कुमार)
कंपनी सचिव

टिप्पणियाँ :

1. मुख्तारी की नियुक्ति

सभा में उपस्थित रहने और मतदान करने का / के पात्र शेयरधारक अपने स्थान पर सभा में किसी अन्य को उपस्थित रहने तथा मतदान करने के लिए प्रतिनिधि नियुक्त करने का पात्र होगा / होगी. प्रतिनिधित्व प्रभावी हो, इस दृष्टि से प्रतिनिधि नियुक्त करने के पात्र अर्थात मुख्तारी फार्म में सूचना उन्नीसवीं वार्षिक सामान्य सभा की तारीख से कम से कम चार दिन पूर्व अर्थात सोमवार, 22 जून, 2015 को काम-काज का समय समाप्त होने के समय या उससे पूर्व बैंक को विनिर्दिष्ट स्थल पर अवश्य प्राप्त हो जानी चाहिए.

2. प्राधिकृत प्रतिनिधि की नियुक्ति

ऐसी कोई कम्पनी निगमित निकाय, जो बैंक की शेयरधारक हो, के विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कोई भी ऐसा व्यक्ति सभा में उपस्थित रहने या मतदान करने का तब तक पात्र नहीं होगा जब तक कि उसे विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में नियुक्ति विषयक संकल्प, जिस सभा में वह पारित हुआ था, उसके सभापति द्वारा सत्यापित किया हुआ, की प्रतिलिपि उन्नीसवीं वार्षिक सामान्य सभा की तिथि से कम से चार दिन पहले अर्थात सोमवार, 22 जून, 2015 को कामकाज का समय समाप्त होने से पूर्व कम्पनी सचिव, देना बैंक, निवेशक संपर्क केंद्र, प्रधान कार्यालय, देना कार्पोरेट सेंटर, तीसरी मंजिल, सी-10, जी ब्लॉक, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व) मुंबई 400 051.के पास जमा न करा दी जाए.

3. उपस्थिति-सह-प्रवेश पर्ची

शेयरधारकों की सुविधा के लिए उपस्थिति-सह-प्रवेश पर्ची इस रिपोर्ट के साथ संलग्न है. शेयरधारकों/मुख्तारनामा धारकों/प्राधिकृत प्रतिनिधियों से अनुरोध है कि वे उसमें दिए गए स्थान पर अपने हस्ताक्षर करके उसे सभा स्थल पर प्रस्तुत करें. शेयरधारक के प्राधिकृत प्रतिनिधि / मुख्तारी उपस्थिति-सह-प्रवेश पर्ची में मुख्तारी या प्राधिकृत प्रतिनिधि, जैसी भी स्थिति हो, का उल्लेख करें. सभा स्थल में प्रवेश की अनुमति केवल वैध उपस्थिति पर्ची -सह - प्रवेश पास के आधार पर ही दी जाएगी.

4. बहीबंद रखना

बैंक का शेयरधारकों का रजिस्टर और शेयर अन्तरण रजिस्टर वार्षिक सामान्य सभा और लाभांश की पात्रता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शनिवार, 20 जून, 2015 से शनिवार, 27 जून, 2015 (दोनों दिन शामिल) तक बन्द रहेंगे.

5. लाभांश का भुगतान

निदेशक मंडल द्वारा प्रस्तावित लाभांश का भुगतान दिनांक 27 जून 2015 तक शेयरों के अंतरण के लिए प्राप्त अनुरोध पर विचार करने के बाद उन शेयरधारकों को किया जाएगा जिनके पास शेयर कागजी रूप में मौजूद हैं और जिनका नाम 19 जून, 2015 को बैंक के शेयरधारकों के रजिस्टर में दर्ज है, तथा ऐसे शेयरधारक जिनके पास शेयर बेकागजीकृत रूप में हैं उन्हें लाभांश का भुगतान, डिपॉजिटरी द्वारा 19 जून, 2015 को समाप्त कामकाज के समय तक उपलब्ध लाभार्थ स्वामित्व के विवरणों यथा बैंक खाते एवं पते के विवरण के आधार पर किया जाएगा. लाभांश के भुगतान की तारीख 11 जुलाई 2015 होगी और वह वार्षिक सामान्य बैठक की तारीख से 30 दिनों के अंदर भेजी / जमा की जाएगी.

6. अंतरण

कागजी रूप में धारित शेयर प्रमाण पत्रों को अंतरण विलेख सहित बैंक के पंजीयक एवं अंतरण एजेन्ट को भेजा जाना चाहिए.

7. राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक समाशोधन सेवा (एन.ई.सी.एस) या लाभांश भुगतान के लिए बैंक का अधिदेश

बैंक लाभांश की राशि जहां कहीं संभव हो, राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक निधि अंतरण (एन.ई.एफ.टी.)/ राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक समाशोधन सेवा (एन.ई.सी.एस.) के माध्यम से शेयर धारकों के खाते में जमा करेगा. जिन शेयरधारकों के शेयर इलेक्ट्रॉनिक रुप में हैं, उनसे अनुरोध है कि वे अपने पते में अद्यतन परिवर्तन की सूचना और बैंक खाते के विवरण (नया खाता संख्या, यदि कोई हो, बैंक का एम.आई.सी.आर. और आई.एफ.एस.कोड. संख्या सहित) अपने डिपॉजिटरी सहभागी को तुरंत सूचित करें, ताकि एन.ई.एफ.टी./ एन.ई.सी.एस. के माध्यम से लाभांश की राशि तुरंत जमा हो सके. जिन शेयरधारकों के शेयर डिमैट रुप में हैं वे इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई के लिए अपने डिपॉजिटरी सहभागी से संपर्क करें.

जिन शेयर धारकों के शेयर भौतिक रुप में हैं वे अपने बैंक के विवरण / अद्यतन विवरण की सूचना बैंक के निवेशक संपर्क कक्ष को या बैंक के शेयर अंतरण एजेंट को दिनांक 19 जून, 2015 को या उससे पहले इस नोटिस में नीचे दिये गये पते पर भेजें.

8. दावा न किए गए लाभांश, यदि कोई हो तो

केन्द्र सरकार द्वारा स्थापित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 125 के तहत वित्तीय वर्ष 1996-97 से 1999-2000 और 2006-07 के लिए लाभांश निवेशक शिक्षा और संरक्षण कोष (आई.ई.पी.एफ.) में परिवर्तित कर दिया गया है.

आगे, बैंकिंग कम्पनी (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं अंतरण) अधिनियम 1970 की धारा 10 बी के अनुसार, यदि अदत्त लाभांश खाते में अंतरण के सात वर्षों तक लाभांश की राशि अदत्त रहती है या उसके लिए कोई दावा नहीं किया जाता तो उसे आई.ई.पी.एफ. में अंतरित किया जाता है.

ऐसे शेयरधारकों जिन्होंने वित्तीय वर्ष 2007-08 से 2013-14 हेतु लाभांश वारंट का नकदीकरण नही किया है / लाभांश प्राप्त नहीं किया है, उनसे निवेदन है कि वे डुप्लीकेट लाभांश वारंट जारी करने/ पुन: वैध करने हेतु बैंक के रजिस्ट्रार एवं शेयर अंतरण एजेन्ट से संपर्क करें.

वित्तीय वर्ष 2007-08 हेतु अदावाकृत / अप्रदत्त लाभांश 18 अगस्त, 2015 को आइ.इ.पी .एफ. को भेज दिए जाऐंगे

9. पते में परिवर्तन

ऐसे शेयरधारक जिनकी शेयर धारिता इलेक्ट्रॉनिक रूप में हैं उनसे अनुरोध है कि उनके पंजीकृत पते में, यदि कोई परिवर्तन हुआ है तो उसकी सूचना रजिस्ट्रार तथा बैंक के शेयर हस्तांतरण एजेण्टों को न दें अपने डिपाजिटरी को दे कि शेयर धारक, जिनकी शेयर धारिता

सूचना

भौतिक रूप में है, उनसे अनुरोध है कि वें उनके पंजीकृत पते में यदि कोई परिवर्तन हो तो उसकी सूचना निम्नलिखित पते पर रजिस्ट्रार तथा बैंक के शेयर हस्तांतरण एजेण्टों को दें.

शेयरप्रो सर्विसेज (इंडिया) प्रा.लि.
यूनिट : देना बैंक
13 ए/बी सम्हिता कॉम्प्लेक्स, गाला सं. 52 से 56
साकीनाका टेलिफोन एक्स्चेंज के पास,
अंधेरी कुर्ला रोड, साकी नाका
मुंबई- 400 072.
टेलीफोन: 022-67720300/400

10. अपना ई मेल पता पंजीकृत करके दस्तावेज ई मेल के माध्यम से प्राप्त करें

कंपनी मामले मंत्रालय, भारत सरकार ने अपने परिपत्र सं. 17/2011 दिनांक 21 अप्रैल 2011 तथा 18/2011 दिनांक 29 अप्रैल 2011 द्वारा कॉर्पोरेट अभिशासन में पर्यावरण संरक्षण के उपाय किए हैं जिसके द्वारा कंपनी अपनी सामान्य बैठकों के नोटिस, लेखा परीक्षित वित्तीय विवरण, निदेशकों की रिपोर्ट, लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट आदि अपने शेयर धारकों को उनके द्वारा कंपनी को दिए गए ई मेल पते पर इलेक्ट्रानिक माध्यम से भेज सकते हैं. स्टॉक एक्स्चेंजों के साथ सूचीबद्धता करार में हाल ही में किए गए संशोधन द्वारा कंपनी को अपनी वार्षिक रिपोर्ट की सॉफ्ट कॉपी अपने उन सभी शेयरधारकों को भेजने के लिए अनुमति दी गई है जिनके इस उद्देश्य के लिए कंपनी के पास ई मेल पते पंजीकृत हैं. जिन शेयरधारकों ने अभी तक अपने ई मेल आई.डी पंजीकृत नहीं कराए हैं और उनके शेयर भौतिक रुप में है, उनसे अनुरोध है कि वे अपने ई मेल आईडी रजिस्ट्रार एवं अंतरण एजेंट के पास पंजीकृत करवाएं. यदि उनके शेयर इलेक्ट्रानिक रुप में हैं तो वे अपने डिपाजिटरी सहभागी के पास अपना ई मेल आईडी दर्ज करवाएं ताकि इसके बाद उनको दस्तावेज उक्त ई मेल पते पर इलेक्ट्रानिक माध्यम से भेजे जा सके. उनकी सुविधा के लिए ई मेल के विवरण सूचित करने के लिए फार्मेट वार्षिक रिपोर्ट के भाग के रुप में संलग्न है.

11. इलैक्ट्रानिक माध्यम द्वारा मतदान

कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 के साथ पठित सूचीबद्धता करार के खंड 35बी के प्रावधानों के अनुसरण में, सामान्य सभा में मतदान इलैक्ट्रानिक माध्यम द्वारा कराया जाना कंपनी के सदस्यों के विस्तार के लिए अनिवार्य है.

बैंक के शेयरधारक सभी मदों का कारोबार बैठक के नाटिस में निहित इलैक्ट्रानिक मतदान प्रणाली के माध्यम से कर सकते है.

अंतिम तारिख

बैंक द्वारा मतदान प्रकिया में, शेयरधारकों के लिए मतदान अधिकार का प्रयोग करने हेतु शनिवार, 20 जून 2015 की अंतिम तारीख निर्धारित की है.

ई-मतदान के लिए अनुदेश

सदस्यों से अनुरोध है कि ई-मतदान के माध्यम से अपना मतदान करने के लिए निम्नलिखित अनुदेशों का पालन करें:

ई-मतदान के लिए अनुदेश निम्ननानुसार है

क. निम्नलिखित टाईप करके इंटरनेट ब्रोझर आरंभ करें https://www.evoting.nsdl.com.

ख. ई-मतदान के लिए यूजर आईडी और पासवर्ड वार्षिक सामान्य बैठक की सूचना के अनुबंध के मुखपृष्ठ पर दी गई तालिका में दिया गया है. कृपया नोट करें कि पासवर्ड एक आरंभिक पासवर्ड है.

ग. उचित ब्यौरे डालने के बाद - "लॉगइन" पर क्लिक करें.

घ. उपर्युक्त 'क' में दिया गया यूजर आईडी और पासवर्ड आरंभिक पासवर्ड के रूप में लिखें.लॉगइन पर क्लिक करें. यदि आप एन.एस.डी.एल. के पास ई-मतदान के लिए पहले से पंजीकृत हैं तो आप लॉगइन करने के लिए अपना विद्यमान यूजर आईडी और पासवर्ड का उपयोग कर सकते हैं.

ङ. यदि आप पहली बार लॉगिंग कर रहे हैं तो पासवर्ड चेंज मेनू आएगा. अपनी इच्छा के अनुसार पासवर्ड बदलें जो कि कम से कम 8 अंकों का / अक्षरों का या उनका मिश्रण होना चाहिए. कृपया एन.एस.डी.एल. ई-मतदान प्लेटफार्म पर भावी सभी ई-मतदान चक्रों के लिए नए पासवर्ड को नोट करें. आपको सलाह दी जाती है कि अपना पासवर्ड किसी और व्यक्ति को न बताएं और अपने पासवर्ड को गोपनीय रखने के लिए हर संभव सावधानी बरतें.

च. "ई-मतदान" का होम पेज खुलेगा. "ई-मतदान: एक्टिव वोटिंग साइकल" पर क्लिक करें

छ. देना बैंक के ई.वी.ई.एन.(ई-मतदान इवेंट संख्या) का चयन करें. ई.वी.ई.एन. के लिए आप एन.एस.डी.एल. के ई-मतदान प्लेटफार्म पर तब तक कितनी भी बार लॉग इन कर सकते हैं जब तक कि आप मतदान अवधि के दौरान संकल्प पर मतदान नहीं कर देते.

ज. इसके बाद जैसे ही "कास्ट वोट" पेज खुलेगा.आप मतदान के लिए तैयार हैं.

झ. उचित विकल्प का चयन करके आप अपना मतदान कर सकते हैं और सबमिट पर क्लिक करें तथा वह सामने आने पर "कनफर्म" भी करें.

ञ. पुष्टि होने के बाद "वोटिंग कास्ट सक्सेसफुल्ली" प्रदर्शित होगा.

ट. कृपया नोट करें एक बार मतदान किए जाने के बाद उसमें संशोधन नहीं किया जा सकता.

ठ. संस्थागत सदस्य (अर्थात व्यक्ति के अलावा, एच.यू.एफ., एन.आर.आई. आदि) को भी विधिवत प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता / हस्ताक्षरकर्ताओं, जिनको मतदान करने के लिए प्राधिकृत किया गया है, के प्रमाणित नमूना हस्ताक्षर / हस्ताक्षरों के साथ संबंधित बोर्ड संकल्प / प्राधिकार पत्र आदि सहित की स्कैन की हुई कॉपी (पीडीएफ/ जेपीजी फॉर्मेट) संविक्षाकर्ता को ई-मेल snv@sanco.net द्वारा तथा उसकी प्रति evoting@nsdl.co.in पर भी भेजनी है. आप दस्तावेजों को रजिस्ट्रार के ईमेल आईडी sharepro@shareproservices.com पर भी भेज सकते हैं.

ड. किसी भी प्रश्न के मामले में आप सदस्यों के लिए प्राय: पूछे जानेवाले प्रश्न (एफ.ए.क्यू.) को देख सकते हैं और https://www.evoting.nsdl.com के खंड "डाउनलोड' में उपलब्ध ई-मतदान यूजर मैन्यूअल को भी देख सकते हैं या ई-मेल द्वारा evoting@nsdl.co.inया श्रीमती इंदिरा करकेरा, शेयरप्रो सर्विसेस (इंडिया) प्रायवेट लिमिटेड यूनिट: देना बैंक से संपर्क कर सकते हैं.

ढ. आप फोलियो में प्रोफाइल विवरण में अपने मोबाइल संख्या तथा ईमेल आईडी अद्यतन कर सकते हैं, जिनका उपयोग भविष्य में सूचना भेजने के लिए किया जाएगा.

ण. मतदान प्रक्रिया दिनांक 24.06.2015 को (प्रात: 9:00) से दिनांक 26.06.15 (शाम 5:00) बजे की अवधि के मध्य की जाएगी. शेयर धारक जिनके शेयर भौतिक एवं अभौतिक रूप में हैं वे 20.06.2015 तक ई माध्यम से कर सकते है. इस अवधि के बाद एन.डी.एस.एल द्वारा ई-मतदान प्रक्रिया बंद कर दी जाएगी. एक बार मतदान के पश्चात मतदान बदलने या संशोधन की अनुमति नही दी जाएगी.

त. शेयरधारकों का मतदान का अधिकार रिकार्ड अंतिम तारीख को बैंक की प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी में उनके शेयरों के अनुपात में होगा.

थ. बैंक द्वारा ई-मतदान प्रक्रिया को पारदर्शी एवं निष्पक्ष तरीके से आयोजित कराने के लिए मै. एस.एन. अन्नथासुब्रमनियम एंड कंपनी, कंपनी सचिव की नियुक्ति की है.

ध. जो व्यक्ति ई-मतदान प्रक्रिया द्वारा मतदान नही करना चाहते वे 27.06.2015 को होने वाली बैठक में अपना मतदान कर सकते है.

ण. मतदान एवं ई-मतदान के समेकित परिणाम बैंक की वेबसाइट पर प्रदर्शित किए जाएंगे और शेयर बाजार जैसे.एन.एस.ई. और बी.एस.ई. और एन.एस.डी.एल. -ई-वोटिंग एजेंसी को भी सूचित किए जाएंगे.

12. अन्य :

क. कृपया ध्यान दे कि, आर्थिक आधार पर, वार्षिक रिपोर्ट की प्रतियां सामान्य सभा में वितरित नही की जाएंगी. इसलिए, शेयरधारकों से अनुरोध है कि बैठक के स्थल पर अपनी प्रतियां साथ लाए.

ख. शेयरधारक कृपया ध्यान दें कि बैठक के आयोजन स्थल पर कोई उपहार/कूपन का वितरण नहीं किया जाएगा.

ग. शेयरधारकों को यह सलाह दी जाती है कि वे बैग/ब्रीफकेस/टेप रिकार्डर इत्यादि ना लाए, इन वस्तुओं को सुरक्षा जांच के कारण समारोह स्थल में ले जाने की अनुमति नही दी जाएगी.

निदेशक मंडल के आदेश से
कृते देना बैंक

अमित

स्थान : मुंबई
दिनांक : 30 मई 2015

अमित कुमार
(कंपनी सचिव)

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का वक्तव्य

प्रिय शेयरधारकों,

बैंक की उन्नीसवीं वार्षिक बैठक में आपका स्वागत करते हुए और वित्त वर्ष 2014-15 के लिए आपके बैंक की वार्षिक रिपोर्ट आपके समक्ष प्रस्तुत करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है.

इस महान संस्था के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रूप में मैं आपको लगातार तीसरे वर्ष संबोधित कर रहा हूं.

वित्त वर्ष 2014-15 के दौरान, भारतीय बैंकिंग क्षेत्र ने, अर्थव्यवस्था पर दबाव के कारण बढ़ते गैर निष्पादक आस्तियों, एक तरफ अटकी हुई मूलभूत परियोजनाओं तो दूसरी तरफ साख की खराब मांग के रूप में बहुत बड़ी चुनौतियों का सामना किया. इन चुनौतियों ने बैंकिंग क्षेत्र के विकास और लाभप्रदता पर जबरदस्त दबाव डाला.

तथापि, सतत भरोसे, प्रोत्साहन, सभी शेयरधारकों के अत्यधिक सहयोग के साथ आपके बैंक ने वित्तीय वर्ष 2014-15 के दौरान समुत्थान शक्ति प्रदर्शित किया तथा यथोचित अच्छा प्रदर्शन किया.

वर्ष के दौरान, भारत सरकार ने आपके बैंक को दक्षता मापदण्ड जैसे कि आस्तियों पर प्रतिलाभ और इक्विटी पर प्रतिलाभ के आधार पर ₹ 140 करोड़ की पूंजी प्रदान करने हेतु चयनित किया. इसके अतिरिक्त बैंक ने बेसल III अनुपालित अतिरिक्त टीयर I बांड में ₹ 400 करोड़ जुटाए. इस प्रकार पूंजी में वृद्धि से बैंक ने अपने कारोबार का विस्तार किया और कठोर बेसल III मानदंडों के अंतर्गत पूंजी पर्याप्तता अनुपात भी बनाए रखा.

वर्ष 2014-15 के दौरान बैंक के निष्पादन की विशेषताएं आपके समक्ष रखने से पूर्व मैं आपको आर्थिक और वित्तीय वातावरण के बारे में भी जानकारी देना चाहता हूं, जिसका बैंक के समग्र निष्पादन पर व्यापक प्रभाव पड़ा.

वैश्विक आर्थिक वातावरण

वैश्विक अर्थव्यवस्था गति प्राप्त करने के लिए अभी भी संघर्षरत है क्योंकि कई उच्च आय वाले देश वैश्विक वित्तीय संकट के परंपराओं में लगातार जकड़े हुए हैं तथा उभरती अर्थव्यवस्थाओं की गति पहले की तुलना में कमजोर रही.

2014 में वैश्विक विकास दर पहले सोचे गए के मुकाबले कम रहा. लेकिन 2.60% रहते हुए यह 2013 से थोड़ा अधिक था. यह प्रवृत्ति जारी रहते हुए राजकोषीय वर्ष 2015 में, वैश्विक अर्थव्यवस्था 3.50% तक बढ़ने की संभावना है.

घरेलू आर्थिक परिदृश्य

वित्तीय वर्ष 2014-15 में, भारतीय अर्थव्यवस्था, नियंत्रित मुद्रास्फीति, घरेलू मांग में वृद्धि, निवेश में बढ़ोतरी, तेल कीमतों में कमीं और सुधार के दृष्टिगत, आशाजनक आर्थिक परिदृश्य के साथ बड़े अर्थव्यस्थाओं में से एक के रूप में उभरी है.

सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि, वित्तीय वर्ष 2013-14 के 6.90% की तुलना में वित्तीय वर्ष 2014-15 में 7.40% की संभावना है. कुछ क्षेत्रों द्वारा जोड़े गए सकल मूल्य में वृद्धि निम्न प्रकार है : कृषि 1.10%, विनिर्माण 6.80%, व्यापार, परिवहन और संचार 8.40%, वित्त 13.70% और लोक प्रशासन 9.00%.

भारतीय रिज़र्व बैंक का नीति वक्तव्य

विकास के लिए मजबूत बैंकिंग प्रणाली पूर्व अपेक्षित आवश्यकताओं में से एक है. बैंकिंग प्रणाली के द्वारा अर्थव्यवस्था का स्वास्थ्य परिलक्षित होता है. अतएव भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्तीय संकट की समयपूर्व पहचान और तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई हेतु कई कदम उठाएं हैं ताकि कार्पोरेट और वित्तीय संस्थाओं पर पड़ने वाले दबावों से निपटा जा सके जिससे कि न केवल प्रणाली के समुत्थान शक्ति उन्नत होगी बल्कि उधारदाताओं और निवेशकों के हितों की रक्षा भी होगी.

भारतीय रिजर्व बैंक ने प्रमुख नीति दरों में निम्नतर मुद्रास्फीति के मद्देनजर दो बार कटौती करते हुए बाजार को आश्चर्यचकित किया. वित्तीय वर्ष 2015-16 में, बैंकों को यह कमी उधार दरों में संप्रेषित करने के योग्य होना चाहिए जिससे कि उत्पादक क्षेत्रों में वित्तीय स्थिति में सुधार हो.

बैंकिंग उद्योग की प्रवृत्तियां

वित्तीय वर्ष 2014-15, भारत में बैंकिंग क्षेत्र के लिए चुनौतीपूर्ण वर्ष रहा. क्षीण ऋण वृद्धि और उच्च गैर निष्पादक आस्तियों के कारण सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के तुलन पत्र पर विपरीत प्रभाव पड़ा है. जमाराशियों में वर्ष दर वर्ष वृद्धि 11.42% और साख में वर्ष दर वर्ष वृद्धि 9.52% दर्ज की गई जो कि पिछले वित्त वर्ष में 14.30% वृद्धि से कम दर्ज हुई.

विकास के परिदृश्य में क्रमश: सुधार हो रहा है. वर्ष 2015-16 के लिए, आर्थिक वृद्धि में अपेक्षित सुधार और निम्न मुद्रास्फीति के कारण उच्च उपभोगीय आय, साख और जमा में वृद्धि क्रमश: 14-16% और 13-15% अपेक्षित है.

बैंक का निष्पादन

वित्तीय वर्ष 2014-15 की आपके बैंक के निष्पादन की प्रमुख बातें निम्नलिखित हैं:

- बैंक का कुल कारोबार 31 मार्च 2014 के ₹ 1,88,650 करोड़ के स्तर से बढ़कर 31 मार्च 2015 में ₹ 1,96,565 करोड़ की नई ऊंचाई पर पहुंच गया.
- कुल जमा राशियां 31 मार्च 2015 को ₹ 1,15,936 करोड़ के स्तर पर पहुंच गई जबकि 31 मार्च 2014 में वह ₹ 1,10,028 करोड़ थी. इस प्रकार 5.37% की वृद्धि दर्ज की गई. तथापि, वर्ष के दौरान बैंक की औसत जमाराशि वृद्धि 11.43% थी.
- बैंक के कुल अग्रिम 31 मार्च 2015 को ₹ 80,629 करोड़ हो गए जबकि मार्च 2014 में वह ₹ 78,622 करोड़ थे. इस प्रकार 2.55% की वृद्धि दर्ज की गई. तथापि, वर्ष के दौरान बैंक की औसत अग्रिम वृद्धि 12.37% थी.
- इस वर्ष कम साख उठाव में भी बैंक ने अर्थव्यवस्था के अत्यावश्यक क्षेत्रों जैसे कि कृषि, एम.एस.एम.ई. तथा रिटेल को साख प्रदान करने में प्रभावशाली निष्पादन दर्ज किया. प्रत्यक्ष कृषि, एम.एस.एम.ई. और रिटेल क्षेत्र में बैंक साख में क्रमश: 19.24%, 15.42% और 12.41% की वृद्धि हुई.
- बैंक की अल्प लागत कासा जमाराशियां वर्ष दर वर्ष के आधार पर 4.23% बढ़कर ₹ 32,121 करोड़ हो गई जो कि कुल जमाराशियों का 27.82% है.
- वर्ष 2014-15 में कुल आय में 5.41% की वृद्धि दर्ज के साथ ₹11,485 करोड़ रही जबकि पिछले वित्तीय वर्ष 2013-14 के दौरान अर्जित आय ₹ 10,895 करोड़ थी.
- कारोबार चक्र में गिरावट के रहते हुए भी आपके बैंक ने निबल लाभ ₹ 265.48 करोड़ दर्ज किया.
- मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी है कि निदेशक मंडल ने वर्ष 2014-15 के लिए 9% के लाभांश की संस्तुति की है.

आस्ति गुणवत्ता

- 31 मार्च 2014 के सकल एन.पी.ए. ₹ 2616 करोड़ के मुकाबले 31 मार्च 2015 को सकल एन.पी.ए. ₹ 4393 करोड़ रहा. प्रतिशतता के रूप में यह 3.33% के मुकाबले 5.45% हो गया.
- गत वर्ष के निवल एन.पी.ए. ₹ 1819 करोड़ के मुकाबले 31 मार्च 2015 को निवल एन.पी.ए. ₹ 3014 करोड़ रहा. प्रतिशतता के रूप में यह पिछले वर्ष 2.35% के मुकाबले 3.82% हो गया.

पूंजी पर्याप्तता मानदंड

- बेसल III के अंतर्गत पूंजी की जोखिम (भारित) आस्ति अनुपात (सी.आर.ए.आर.), 9% आवश्यकता के समक्ष 31 मार्च 2015 को 10.93% रहा जबकि 31 मार्च 2014 को यह 11.47% था.
- बैंक का टीयर I सी.आर.ए.आर. 31 मार्च 2014 के 7.43% से बढ़कर 31 मार्च 2015 को 7.67% हो गया.

शाखा विस्तार

आपके बैंक ने 106 नई शाखाएं खोल कर देश के विभिन्न स्थानों पर पहुंच बढ़ाई और 31 मार्च 2015 को बैंक की कुल शाखाओं की संख्या 1739 है.

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का वक्तव्य

मानव संसाधन प्रबंधन

वर्ष के दौरान बैंक ने 447 परिवीक्षाधीन अधिकारी, 115 विशेषज्ञ अधिकारी, 506 लिपिक और 234 अधीनस्थ कर्मचारी भर्ती किए. 31 मार्च 2015 को बैंक की स्टाफ शक्ति 13,632 है.

टेक्नोलॉजी के माध्यम से रूपांतरण

आपका बैंक, ग्राहकों को मूल्य आधारित उत्पाद और सेवाएं प्रदान करने के लिए लगातार तकनीकी को अपना रही है.

ई-स्मार्ट ग्राहक सुविधा केंद्र की स्थापना इस प्रकार का एक प्रयास है. ई-स्मार्ट ग्राहक सुविधा केंद्र में, ग्राहक नकद राशि जमा कर सकता है, चेक जमा कर सकता है, पासबुक प्रिंट कर सकता है, नकदी निकाल सकता है तथा अपने खाते को 24*7 आधार पर इंटरनेट बैंकिंग सुविधा के माध्यम से पहुंच सकते हैं. 31 मार्च 2015 तक बैंक ने 17 ई स्मार्ट ग्राहक सेवा केंद्र स्थापित किए है बैंक की मार्च 2016 तक इसकी संख्या बढ़ाकर 200 तक करने की योजना है.

वर्ष के दौरान बैंक ने अपने एटीएम नेटवर्क को बढ़ाया और 31 मार्च 2015 के अनुसार बैंक के 1357 आन साईट एटीएम और 125 आफ साईट एटीएम हैं.

वर्ष के दौरान लाए गए अन्य उत्पादों में, मोबाइल बैंकिंग के द्वारा यू.एस.एस.डी. प्लेटफार्म का उपयोग करते हुए निधियों का धन-प्रेषण; कस्टम शुल्क का ई-भुगतान और आटोमेटिक बिल भुगतान सुविधा शामिल हैं.

समावेशित संवृद्धि

समावेशित संवृद्धि समय की मांग है और राष्ट्रीय प्राथमिकताओं में से एक है. आपके बैंक ने, गरीब, पददलित और उपेक्षित वर्ग को बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के क्षेत्र में काफी अच्छा निष्पादन किया है. आपके बैंक ने सभी लक्ष्यों को पार किया; निष्पादन में से कुछ की प्रमुख विशेषताएं निम्नलिखित हैं :

- बैंक ने प्रधान मंत्री जन धन योजना (पी.एम.जे.डी.वाई.) के अंतर्गत 26.68 लाख खाते खोले जबकि 18.50 लाख का लक्ष्य दिया गया था और 25.84 लाख रुपे कार्ड भी जारी किए. बैंक ने पी.एम.जे.डी.वाई. में ग्रामीण क्षेत्रों में प्रति शाखा सबसे अधिक खाते खोले अर्थात अखिल भारतीय स्तर पर सभी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम बैंकों के औसत 2,032 खाते प्रति शाखा के मुकाबले ग्रामीण क्षेत्र में 3,076 खाते खोले. बैंक ने अब 28.00 लाख खाते से भी अधिक खाते खोल लिए हैं.
- बैंक ने वित्तीय समावेशन के अंतर्गत आबंटित सभी 6439 गावों को शामिल किया.
- बैंक ने 6.07 करोड़ निवासियों हेतु आधार कार्ड जारी किए और यू.आई.डी.ए.आई. को गैर राज्य रजिस्ट्रार (एन.एस.आर.) में से उच्च स्थान प्राप्त किया. बैंक ने 2014-15 के दौरान इस गतिविधि रु. 58.98 करोड़ अर्जित किया.
- बैंक ने प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डी.बी.टी.) और एल.पी.जी. (डी.बी.टी.एल.) अर्थात पहल का आरंभ और कार्यान्वयन सफलतापूर्वक किया. 56 लाख रिकार्डों का प्रोसेस करके रु.156 करोड़ उपभोक्ताओं के खाते में जमा किए .
- बैंक ने 44.50 लाख बी.एस.बी.डी.ए. (मूल बचत बैंक जमा खाते) खोले और अंतरनिहित ओवरड्राफ्ट सुविधा प्रदान की.
- तीन सामाजिक सुरक्षा योजना यथा अटल पेंशन योजना (ए.पी.वाई.), प्रधान मंत्री जीवन ज्योति योजना (पी.एम.जे.बी.वाई.) और प्रधान मंत्री सुरक्षा योजना (पी.एम.एस. बी.वाई.) का आरंभ माननीय प्रधान मंत्री द्वारा 9 मई 2015 को किया गया. हमारे बैंक ने, डी.एफ.एस. द्वारा आरंभ से पूर्व की अवधि दिनांक 01.05.2015 से 09.05.2015 हेतु 12 लाख के आबंटित लक्ष्य के मुकाबले 20 लाख आवेदन का रिकार्ड दर्ज किया.

भावी योजनाएं

भारत सरकार द्वारा हाल में किए गए पहल जैसे कि ''भारत में निर्माण''; ''कारोबार करने में आसानी''; ''ई-बिज परियोजना''; ''कौशल विकास''; ''सौ स्मार्ट शहर'' और ''सामाजिक सुरक्षा तंत्र'' के दृष्टिगत, घरेलू समष्टि आर्थिक मापदण्डों हेतु दृष्टिकोण सामान्यतया आशावादी है और वित्तीय वर्ष 2015-16 में 8.50% के करीब संवृद्धि की संभावना है.

तद्नुसार, बैंक 15% की साख वृद्धि, जमाराशि में वृद्धि 13% और निबल ब्याज अंतर 2.50% और 2.75% के दायरे का लक्ष्य रख रही है.

ग्राहक तक पहुंच को विस्तार देने के दृष्टिगत, यह योजना है कि वित्तीय वर्ष 2015-16 में 404 नई शाखाएं खोली जाएं.

बैंक आस्ति संविभाग के परिमाण को बढ़ाने और गुणवत्ता सुधारने के लिए कृषि, रिटेल और एम.एस.एम.ई. क्षेत्रों, ऋण प्रोसेसिंग केंद्रो को मजबूत बनाने पर ध्यान देना जारी रखेगा और गैर निष्पादक आस्तियों जिसमें ए.आर.सी. को गैर निष्पादक आस्तियां प्रदान करना शामिल है पर विशेष ध्यान देगा.

आभार

व्यक्तव्य समाप्त करने के पूर्व, मैं बैंक के सम्मानित ग्राहकों, शेयरधारकों तथा शुभचिंतकों को बैंक की प्रगति में उनके महत्त्वपूर्ण उपकार के लिए अपना धन्यवाद व्यक्त करता हूं तथा भविष्य में भी उनके सतत् समर्थन एवं सहयोग की अपेक्षा करता हूं.

मैं भारत सरकार तथा भारतीय रिजर्व बैंक और सेबी से प्राप्त समयोचित सलाह, महत्त्वपूर्ण मार्गदर्शन एवं समर्थन के लिए आभार व्यक्त करता हूं.


बैंक के निदेशक मंडल से प्राप्त महत्त्वपूर्ण मार्गदर्शन, समर्थन और सहयोग के लिए भी अपना आभार व्यक्त करता हूं.

मैं वित्तीय संस्थानों / बैंकों और प्रतिनिधियों के प्रति भी बैंक को उनके द्वारा दिए गए सहयोग और समर्थन के लिए धन्यवाद व्यक्त करता हूं.

स्टाफ सदस्यों के सभी स्तरों पर दिए गए महत्त्वपूर्ण योगदान के प्रति भी मैं आभार व्यक्त करता हूं, जिनके सहयोग के बिना बैंक द्वारा की गई प्रगति संभव नहीं होती.

मैं आगामी वर्षों में बैंक के त्वरित कारोबार विकास तथा प्रगति में बैंक के शेयरधारकों से निरंतर सहयोग की आशा रखता हूं.

निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से
कृते देना बैंक



स्थान : मुबंई
दिनांक : 23 मई 2015

(अश्वनी कुमार)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक